प्रेस नोट संख्या-58
दिनांक 16.04.2024
सराहनीय कार्य थाना मुंशीगंज पुलिस
चोरी का खुलासा, चोरी की 290 टोटियों के साथ 04 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम दिनांक 16.04.2024 को उ0नि0 सुरेश चन्द्र यादव थाना मुंशीगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर मुखबिर की सूचना पर 02 मोटर साइकिलों पर सवार 03 अभियुक्तों को 1.महेन्द्र कुमार यादव पुत्र राधेश्याम यादव निवासी पूरे दीना गलकटा का पुरवा मजरे ताला थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष, 2.अनूप सिंह पुत्र मनोज कुमार सिंह निवासी कुमिहा थाना महराजगंज जनपद अयोध्या उम्र करीब 29 वर्ष, 3.लक्ष्मीकांत यादव उर्फ शिवम यादव पुत्र स्व0 राम आशीष यादव निवासी सेनीपुर मजरे सरायबरबण्ड सिंह थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष को सरायबरण्ड सिंह मोड़ के पास से समय करीब 08:30 बजे प्रातः पुलिस हिरासत में लिया गया। तलाशी से अभियुक्तों के कब्जे से एक बोरी में पीतल की 190 टोटियां हुई।

पूछताछ में अभियुक्त अनूप सिंह ने बताया कि मैं वेल्सपन इन्टर प्राइजेज लिमिटेड के सहबाजपुर व दरपीपुर में स्टोर प्रभारी हूँ तथा वहां निगरानी के लिये जो गार्ड लगे थे उनमें से कुछ गार्डों की नियुक्ति मैंने ही अपने अनुसार मैनेजर से कहकर रखवाया था मगर कुछ दिन बाद मेरे साथियों महेन्द्र कुमार व लक्ष्मीकांत को कम्पनी ने गार्ड ड्यूटी से हटा दिया था तब हम तीनों लोगों ने अपने 02 अन्य साथियों 1.धर्मेन्द्र मिश्रा उर्फ बब्बन मिश्रा पुत्र राम ललन मिश्रा निवासी ग्राम सेनीपुर मजरे सराय बरबण्ड सिंह थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी व 2.सूरज शुक्ला उर्फ राज शुक्ला पुत्र विजय शुक्ला निवासी लोधनी पट्टी मजरे ताला थाना व जनपद अमेठी के साथ मिलकर टोटियां गायब करने की योजना बनाई। हम लोगों नें कई महीनों तक धीरे-धीरे रात्रि में वेल्सपन इन्टर प्राइजेज लिमिटेड के गोदाम सहबाजपुर व दरपीपुर से टोटियों से भरी बोरियों को गायब करके अपने साथियों के साथ कबाड़ी पवन कुमार अग्रहरि पुत्र रामदीन अग्रहरि निवासी कौहार थाना गौरीगंज जनपद अमेठी व दूसरे कबाड़ी साथी गोपी जनपद रायबरेली को बताकर बेंच देते थे। बेचने के बाद जो पैसा मिलता था उसको आपस में बांट लेते थे उन्ही पैसों से मेरे साथियों ने मोटरसाइकिल भी खरीदी है। हम लोग कई बार टोटी से भरी बोरी गायब कर बेंच चुके हैं। मेरे जो साथी यहां मौके पर मौजूद नहीं हैं वह भी अपने हिस्से की टोटियां बेचने के लिये रखे हैं। हम लोग यह टोटियां कबाड़ी पवन अग्रहरि उपरोक्त के पास बेचने जा रहे थे जो कौशिक ईंट भट्ठे लठहापुर के पास हम लोगों को बुलाया है।

मोटरसाइकिल अपाचे संख्या यूपी 36 वी 7897 व मोटरसाइकिल अपाचे संख्या यूपी 36 यू 7897 के कागज मांगने पर दिखा न सके। उपरोक्त तीनों अभियुक्तों को हिरासत में लेकर उनकी निशानदेही पर लठहापुर ईंट भट्ठे के पास लठहापुर तिराहे पर पहुंचकर कबाड़ी पवन कुमार अग्रहरि को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त पवन अग्रहरि के कब्जे से एक बोरी में पीतल की 100 टोटियां बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता –

1. महेन्द्र कुमार यादव पुत्र राधेश्याम यादव निवासी पूरे दीना गलकटा का पुरवा मजरे ताला थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष।
2. अनूप सिंह पुत्र मनोज कुमार सिंह निवासी कुमिहा थाना महराजगंज जनपद अयोध्या उम्र करीब 29 वर्ष।
3. लक्ष्मीकांत यादव उर्फ शिवम यादव पुत्र स्व0 राम आशीष यादव निवासी सेनीपुर मजरे सरायबरबण्ड सिंह थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष।
4. पवन कुमार अग्रहरि पुत्र रामदीन अग्रहरि निवासी कौहार थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 36 वर्ष।

वांछित अभियुक्तों का नाम व पता-

1. सूरज शुक्ला उर्फ राज शुक्ला पुत्र विजय शुक्ला निवासी लोधनी पट्टी मजरे ताला थाना व जनपद अमेठी।
2. धर्मेन्द्र मिश्रा उर्फ बब्बन मिश्रा पुत्र राम ललन मिश्रा निवासी ग्राम सेनीपुर मजरे सराय बरबण्ड सिंह थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।
3. गोपी निवासी जनपद रायबरेली।

बरामदगी-

- पीतल की 290 टोटियां।

पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही -

1. मु0अ0सं0 49/24 धारा 408,411,413,120बी भादवि थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।
2. मोटरसाइकिल अपाचे संख्या यूपी 36 वी 7897 (धारा 207 एमवी एक्ट)
3. मोटरसाइकिल अपाचे संख्या यूपी 36 यू 7897 (धारा 207 एमवी एक्ट)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 सुरेश चन्द्र यादव थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 ओंकार नाथ सिंह थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।
3. हे0का0 संजय मिश्रा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।
4. हे0का0 सच्चाराम राजभर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।
5. हे0का0 धीरेन्द्र कुमार थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।
6. का0 धर्मेन्द्र कुमार थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी।